Serving Education for Last 40 Years

NEERAJ®

# भारत का समाजशास्त्र - II

## ( Sociology of India - II )

## B.S.O.C.-104

### B.A. Sociology (Hons.) - 2nd Semester

**Chapter Wise Reference Book**
**Including Many Solved Sample Papers**

*Based on*

C.B.C.S. (Choice Based Credit System) Syllabus of

# I.G.N.O.U.

**& Various Central, State & Other Open Universities**

By: *Ved Pkrakash Sharma*

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office:

1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

MRP ₹ 280/-

Published by:

**NEERAJ PUBLICATIONS**

*(Publishers of Educational Books)*

Retail Sales Office: 1507, First Floor, Nai Sarak, Delhi - 6 | Mob.: 8510009872, 8510009878

E-mail : info@neerajbooks.com Website : www.neerajbooks.com

**© Copyright Reserved with the Publishers only.**

***Reprint Edition with Updation of Sample Question Paper Only***

Typesetting by: Competent Computers, Printed at: Novelty Printing Press

*Disclaimer/T&C*

1. *For the best & up-to-date study & results, please prefer the recommended textbooks/study material only.*
2. *This book is just a Guide Book/Reference Book published by NEERAJ PUBLICATIONS based on the suggested syllabus by a particular Board/University.*
3. *These books are prepared by the author for the help, guidance and reference of the student to get an idea of how he/she can study easily in a short time duration. Content matter & Sample answers given in this Book may be Seen as the Guide/Reference Material only. Neither the publisher nor the author or seller will be responsible for any damage or loss due to any mistake, error or discrepancy as we do not claim the Accuracy of these Solutions/Answers. Any Omission or Error is highly regretted though every care has been taken while preparing, printing, composing and proofreading of these Books. As all the Composing, Printing, Publishing and Proof Reading, etc., are done by Human only and chances of Human Error could not be denied. Any mistake, error or discrepancy noted may be brought to the publishers notice which shall be taken care of in the next edition and thereafter as a good gesture by our company he/she would be provided the rectified Book free of cost. Please consult your Teacher/Tutor or refer to the prescribed & recommended study material of the university/board/institute/ Govt. of India Publication or notification if you have any doubts or confusions regarding any information, data, concept, results, etc. before you appear in the exam or Prepare your Assignments before submitting to the University/Board/Institute.*
4. *In case of any dispute whatsoever the maximum anybody can claim against NEERAJ PUBLICATIONS is just for the price of the Book.*
5. *The number of questions in NEERAJ study materials are indicative of general scope and design of the question paper.*
6. *Any type of ONLINE Sale/Resale of "NEERAJ BOOKS" published by "NEERAJ PUBLICATIONS" in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book on any Website, Web Portals, any Social Media Platforms – Youtube, Facebook, Twitter, Instagram, Telegram, LinkedIn etc. and also on any Online Shopping Sites, like – Amazon, Flipkart, eBay, Snapdeal, Meesho, Kindle, etc., is strictly not permitted without prior written permission from NEERAJ PUBLICATIONS. Any such online sale activity of any NEERAJ BOOK in Printed Book format (Hard Copy), Soft Copy, E-book format by an Individual, Company, Dealer, Bookseller, Book Trader or Distributor will be termed as ILLEGAL SALE of NEERAJ BOOKS and will invite legal action against the offenders.*
7. *The User agrees Not to reproduce, duplicate, copy, sell, resell or exploit for any commercial purposes, any portion of these Books without the written permission of the publisher. This book or part thereof cannot be translated or reproduced in any form (except for review or criticism) without the written permission of the publishers.*
8. *All material prewritten or custom written is intended for the sole purpose of research and exemplary purposes only. We encourage you to use our material as a research and study aid only. Plagiarism is a crime, and we condone such behaviour. Please use our material responsibly.*
9. *All matters, terms & disputes are subject to Delhi Jurisdiction only.*

## Get books by Post & Pay Cash on Delivery :

If you want to Buy NEERAJ BOOKS by post then please order your complete requirement at our Website www.neerajbooks.com where you can select your Required NEERAJ BOOKS after seeing the Details of the Course, Subject, Printed Price & the Cover-pages (Title) of NEERAJ BOOKS.

While placing your Order at our Website www.neerajbooks.com You may also avail the "Special Discount Schemes" being offered at our Official website www.neerajbooks.com.

No need to pay in advance as you may pay "Cash on Delivery" (All The Payment including the Price of the Book & the Postal Charges, etc.) are to be Paid to the Delivery Person at the time when You take the Delivery of the Books & they shall Pass the Value of the Goods to us. We usually dispatch the books Nearly within 2-3 days after we receive your order and it takes Nearly 3-4 days in the postal service to reach your Destination (In total it take nearly 6-7 days).

*Content*

# भारत का समाजशास्त्र–II

## ( Sociology of India-II )


Question Paper—June-2023 (Solved) ........ 1

Question Paper—December-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper–Exam Held in July-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper–Exam Held in March-2022 (Solved) ........ 1

Question Paper–Exam Held in February-2021 (Solved) ........ 1

| *S.No.* | *Chapterwise Reference Book* | *Page* |
|---|---|---|

**भारत के विचार ( Ideas of India )**

1. भारत : बहुल छवियाँ ........ 1
(India: Multiple Images )

2. गाँधी और अम्बेडकर ........ 13
( Gandhi and Ambedkar )

3. भारत की विचारधारात्मक छवि ........ 25
( Ideological Images of India )

4. भारत की नृजातविज्ञान छवि ........ 34
( Ethnographic Images of India )

5. संवैधानिक आधार ........ 43
( Constitutional Foundations )

**प्रतिरोध, संग्रहण और परिवर्तन ( Resistance, Mobilisation and Change )**

6. गतिशीलता और परिवर्तन ........ 56
( Mobility and Change )

| S.No. | Chapterwise Reference Book | Page |
|---|---|---|

7. नृजातीय आंदोलन ........ 65
( Ethnic Movements )

8. भारत में कृषक आंदोलन ........ 78
( Peasant Movements in India )

9. भारत में दलित आंदोलन ........ 89
( Dalit Movements in India )

10. भारत में महिला आंदोलन ........ 100
( Women Movements in India )

11. श्रमिक वर्ग आंदोलन ........ 112
( Working Class Movements )

**राज्य और समाज : विचारधाराओं का संघर्ष**
**( State and Society: Contesting Ideologies )**

12. साम्प्रदायिकता ........ 122
( Communalism )

13. धर्मनिरपेक्षता ........ 130
( Secularism )

14. राष्ट्रवाद ........ 138
( Nationalism )

■ ■

# Sample Preview of the Solved Sample Question Papers

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*June – 2023*

*(Solved)*

**भारत का समाजशास्त्र–II**

**( Sociology of India-II )**

**B.S.O.C.-104**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *कुल* ***पांच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. भारत के संदर्भ में मार्क्स और वेबर के विचारों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'परिचय', पृष्ठ-3, 'मैक्स वेबर' तथा पृष्ठ-6, प्रश्न 3

**प्रश्न 2. भारत में श्रमिक वर्ग आन्दोलनों के मुद्दों की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-11, पृष्ठ-112, 'परिचय' तथा पृष्ठ-114, 'श्रमिक वर्ग आंदोलन के समक्ष मुद्दे'

**प्रश्न 3. सीमांतीकरण पर अम्बेडकर के विचारों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-18, प्रश्न 5

**प्रश्न 4. भारतीय सभ्यता की मुख्य विशेषताओं की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-3, पृष्ठ-26, 'भारतीय सभ्यता' तथा पृष्ठ-28, प्रश्न 3

**प्रश्न 5. प्रजातिलेखन छवि क्या है? भारत को विशेष रूप से ध्यान में रखकर चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-34, 'नृजातविज्ञानी छवि', 'भारत की नृजातविज्ञानी छवि'

**प्रश्न 6. भारतीय संविधान की बुनियादी विशेषताओं की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-44, 'भारतीय संविधान : आधारभूत लक्षण'

**प्रश्न 7. राष्ट्र की पहचान के विविध सिद्धांतों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-14, पृष्ठ-138, 'परिचय', 'राष्ट्र की पहचान के विविध सिद्धान्त', पृष्ठ-141, प्रश्न 1

**प्रश्न 8. भारत में नृजातीय अस्मिता के स्वरूपों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-7, पृष्ठ-65, 'नृजातीय पहचान और दावों के स्वरूप'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# QUESTION PAPER

*December – 2022*

*(Solved)*

**भारत का समाजशास्त्र–II**

**( Sociology of India-II )**

**B.S.O.C.-104**

*समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 100*

*नोट : कुल* ***पांच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।*

**प्रश्न 1. भारतीय समाज में बहुलता की परम्परा और समायोजन की संस्कृति की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-1, पृष्ठ-1, 'भारतीय समाज में बहुलता और सामंजस्य की प्रकृति'

**प्रश्न 2. सत्याग्रह की गांधीवाद संकल्पना का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-2, पृष्ठ-16, प्रश्न 1

**प्रश्न 3. भारतीय जनजातियों के लक्षणों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-4, पृष्ठ-36, 'जनजाति', पृष्ठ-38, प्रश्न 4

**प्रश्न 4. भारत में दलितों की लामबंदी और चेतना की प्रकृति की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-9, पृष्ठ-90, 'दलित संघटन/दलित चेतना'

**प्रश्न 5. संस्कृतिकरण और पश्चिमीकरण की संकल्पनाओं की तुलना और इनमें अंतर स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-6, पृष्ठ-56, 'संस्कृतिकरण एवं पश्चिमीकरण'

**प्रश्न 6. भारतीय संविधान की निर्माण-प्रक्रिया का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-5, पृष्ठ-43, 'भारतीय संविधान : निर्माण प्रक्रिया'

**प्रश्न 7. स्वतंत्र भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण हेतु संस्थागत पहलों की चर्चा कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-10, पृष्ठ-102, 'स्वातंत्र्योत्तर काल में संस्थागत पहल और महिलाओं से जुड़े मुद्दे'

**प्रश्न 8. भारत में कृषक आन्दोलनों की विशेषताओं की जांच कीजिए।**

**उत्तर–संदर्भ–**देखें अध्याय-8, पृष्ठ-78, 'परिचय', 'भारत में कृषक और कृषक आंदोलनों की अवधारणा'

■■

NEERAJ PUBLICATIONS www.neerajbooks.com

# Sample Preview of The Chapter

*Published by:*

NEERAJ PUBLICATIONS
www.neerajbooks.com

# भारत का समाजशास्त्र-II
## ( Sociology of India-II )

## भारत के विचार
## ( Ideas of India )

## भारत : बहुल छवियाँ
## ( India: Multiple Images )

1

### परिचय

भारतीय समाज बहुलवाद और सामंजस्य की परंपरा एवं सांस्कृतिक उदारवाद पर आधारित है। भारत की ऐसी परंपराओं की दीर्घकालीन ऐतिहासिक धरोहर है। यद्यपि भारत के समाज के सांस्कृतिक लोक-व्यवहारों की व्यवस्था तथा कल्पना समान रूप से नहीं की गई है, तथापि विभिन्न दार्शनिकों एवं विद्वानों ने बहुल एवं सामंजस्य आधारों को दर्शाया है, जो भारतीय समाज के ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है। इसके विपरीत औपनिवेशिक शासकों एवं अनेक पश्चिमी विद्वानों ने भारतीय समाज का नकारात्मक रूप प्रस्तुत किया है। यह इकाई भारतीय समाज की ऐतिहासिक झलक, मैकाले के विवरण-पत्र, जेम्स मिल की भारतीय सभ्यता का वर्णन एवं हीगल, एंजेल्स, मैक्स वेबर और मार्क ट्वीन की समझ के आधार पर भारतीय समाज की औपनिवेशिक कल्पना, भारत की राष्ट्रीयता और विशिष्टता की बहुल आधार एवं भारतीय समाज के संवैधानिक आधारों का भी वर्णन प्रस्तुत करती है।

### अध्याय का विहंगावलोकन

#### भारतीय समाज में बहुलता और सामंजस्य की संस्कृति

भारत अनेक आदर्शों, चित्रणों एवं वास्तविकताओं से पूर्ण देश है। भारत के सामाजिक, राजनीतिक एवं भौगोलिक कारकों का वर्णन करने हेतु एक दीर्घकालीन सांस्कृतिक विरासत, सशक्त धार्मिक एवं दार्शनिक परंपराएं तथा आर्थिक आधार उपलब्ध है।

#### भारत में बहुलवाद और एकता के पहलू

भारत में विशेष भिन्न भौतिक विशेषताओं वाले लोग देखने को मिलते हैं। हर्बर्ट रिस्ले ने भारत के लोगों को सात प्रजातियों–

1. तुर्को-ईरानी,
2. इंडो-आर्यन,
3. स्किथो-द्रविड़ियन,
4. आर्यो-द्रविड़ियन,
5. मंगोलो-द्रविड़यन,
6. मंगोलॉयड तथा
7. द्रविड़ियन में विभाजित किया था।

भारत में 1971 की जनगणना के अनुसार 1652 भाषाएं मातृभाषा के रूप में बोली जाती हैं। ग्रियर्सन ने 179 भाषाएं और 544 बोलियां होने की बात कही। भारत 22 आधिकारिक भाषाओं, 13 लिपियों एवं 720 से ज्यादा बोलियों का देश है। भारत विभिन्न धर्मों का देश है। 2011 की जनगणना के अनुसार हिन्दू धर्म कुल आबादी का 78.8 प्रतिशत, इस्लाम 13.5 प्रतिशत, ईसाई धर्म 2.3 प्रतिशत, सिख धर्म 1.9 प्रतिशत, बौद्ध धर्म 0.8 प्रतिशत, जैन धर्म 0.4 प्रतिशत तथा अन्य धार्मिक समूहों के रूप में अनुयायी भारत में उपस्थित हैं। इनमें से ज्यादातर धार्मिक समूहों के अंदर भी विविधताएं हैं।

इन विविधताओं के बावजूद भारत में एकता के अनेक लक्षण उत्तर में हिमालय तथा दूसरी ओर महासागरों द्वारा रेखांकित भौगोलिक-राजनीतिक एकता में दिखाई देते हैं। भारत एक संप्रभु, धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक देश है। भारत में लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के मानदंडों द्वारा रेखांकित समान राजनीतिक संस्कृति जैसे तथ्य उपस्थित हैं। भारत की भौगोलिक-राजनीतिक एकता का आदर्श सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक रूप से विरासत में मिला है, जैसा कि भारत एक से अधिक छवियों की संकल्पनाओं में दिखाई देता है। भारत की एकता का दूसरा प्रमुख स्रोत पवित्र तीर्थ यात्राओं की संस्थाओं में भारत के अनेक भागों में मंदिरों और पवित्र स्थानों के नेटवर्क के रूप में दिखाई देता है।

www.neerajbooks.com



### भारत का ऐतिहासिक प्रक्षेप पथ

परंपरागत रूप से हिन्दू धर्म एक अखण्ड धर्म की अपेक्षा जीवन जीने के एक दृष्टिकोण के रूप में दर्शाया जाता है। यह सामाजिक प्रथाओं की श्रेणियों और इसके सभ्यतागत प्रक्षेप पथ से जीवन जीने के ढंग के रूप में संबद्ध रहता है। भारत के पास मौजूद 5 हजार वर्ष से भी ज्यादा प्राचीन सिन्धु घाटी सभ्यता की धरोहर को हड़प्पा सभ्यता भी कहा जाता है। भारत के ऐतिहासिक प्रक्षेप पथ की जड़ें वैदिक समाज में मिलती हैं। इसमें जैन धर्म तथा बौद्ध धर्म का उद्‌भव, मध्यकालीन राजवंशीय शासन, पारसी व ग्रीक आक्रमण, मुस्लिम सल्तनत का निर्माण, भक्ति आंदोलनों का प्रसार, सिख धर्म की उत्पत्ति, विजयनगर साम्राज्य, मराठाओं तथा दूसरे साम्राज्यों का निर्माण, ब्रिटिश औपनिवेशिक शक्ति का एकीकरण एवं भारत की आजादी के लिए संघर्ष आदि को देखा जा सकता है। इन समस्त ऐतिहासिक बदलावों, चुनौतियों और बाहरी शक्ति के साथ हुए संघर्षों के पश्चात भी भारत ने बहुलवाद और सामंजस्य की संस्कृति को संजोए रखा।

## भारत की औपनिवेशिक कल्पना

औपनिवेशिक शक्ति ने भारतीय समाज, लोग, संस्कृति, भाषा और शिक्षा पर नकारात्मक दृष्टिकोण ही प्रस्तुत किया, जो व्यापक रूप से 1835 के शिक्षा पर मैकाले के विवरण पत्र एवं जेम्स मिल द्वारा भारत के वर्णन में दिखाई देता है।

### मैकाले का विवरण पत्र

वर्ष 1835 में लॉर्ड मैकाले ने अपना प्रख्यात विवरण पत्र गवर्नर जनरल की परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया, जिसे लॉर्ड विलियम बैंटिक ने स्वीकार करते हुए अंग्रेजी शिक्षा अधिनियम, 1835 पारित किया। मैकाले ने विवरण पत्र में लिखा कि भारत के मूल निवासियों के मध्य सामान्य रूप से बोली जाने वाली भाषा साहित्यिक और वैज्ञानिक ज्ञान नहीं रखती है। इसके अतिरिक्त अरबी और संस्कृत के अनेक प्रसिद्ध कार्यों के अनुवादों का अध्ययन करने पर उनमें से एक भी इस बात को अस्वीकार नहीं कर सकता श्रेष्ठ यूरोपीय पुस्तकालय की केवल एक अलमारी भारतीय और अरबी भाषा के संपूर्ण साहित्य से ज्यादा मूल्यवान है। वास्तव में पश्चिमी साहित्य की स्वाभाविक श्रेष्ठता को पूर्णत: स्वीकार किया है और किसी भी प्राच्यविद् ने यह कहने का साहस नहीं किया कि अरबी और संस्कृत काव्य की महान यूरोपीय राष्ट्रों के काव्य से तुलना की जा सकती है। यह अतिशयोक्ति नहीं होगी कि समस्त ऐतिहासिक जानकारी, जो संस्कृत भाषा में लिखी गई समस्त पुस्तकों से एकत्रित की गई है, वह ब्रिटिश के प्राथमिक विद्यालयों में प्रयोग किए जाने वाले मामूली सार से भी कम मूल्यवान है।

मैकाले का सुझाव था कि हमें उन्हें यह शिक्षा देनी चाहिए कि सबसे बेहतर जानने योग्य क्या है, संस्कृत अथवा अरबी की तुलना में अंग्रेजी जानना बेहतर है। इसके अंतर्गत पाश्चात्य शिक्षा का समर्थन करते हुए यह प्रावधान किया जाए कि सरकार के संसाधनों का प्रयोग पश्चिमी विज्ञान तथा साहित्य के अंग्रेजी में अध्यापन हेतु किया जाए। सरकार स्कूल तथा कॉलेज स्तर पर शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी होना चाहिए तथा इसके विकास के लिए अनेक प्राथमिक विद्यालयों के स्थान पर स्कूल एवं कॉलेज खोले जाएं।

### जेम्स मिल द्वारा भारतीय सभ्यता का वर्णन

भारतीय सभ्यता को अनेक औपनिवेशिक इतिहासकारों ने नकारात्मक विविधता के साथ प्रस्तुत किया है। ब्रिटिश इतिहासकार जेम्स मिल ने हिन्दुओं की तुलना 'अमेरिका के असभ्यों' से की है, भारतीय वास्तु और शिल्पकला कार्यों को 'जंगलियों की कला' की संज्ञा दी। भारत को इन लेखों में एक 'अर्द्ध-सभ्य राष्ट्र' कहा गया। औपनिवेशिक इतिहासकारों ने भारतीय जीवन पद्धति को घिनौना कहा। साथ ही उम्मीद जताई कि इसमें बदलाव की तथा इसको एक पश्चिमी अभिविन्यास देने की आवश्यकता है। औपनिवेशिक इतिहासकारों ने हिन्दुओं द्वारा प्राप्त किए गए सभ्यता के स्तर का अनुमान ब्रिटिश शासन की निरंतरता के लिए समर्थन देने के साथ इस विचार का समर्थन करता था कि भारत पर शासन सभ्य यूरोपीय मानकों के अनुसार होना चाहिए, न कि भारतीय मूल के अनुसार।

### हीगल, मार्क्स और एंजेल द्वारा भारत की कल्पना

हीगल, मार्क्स और एजेंल ने भारत को एक स्थिर पहचान वाला देश बताया है। उन्होंने भारत को विशिष्ट नमूने के रूप में प्रस्तुत किया। हीगल ने कहा कि चीन की भांति भारत एक प्राचीन परिघटना होने के साथ-साथ आधुनिक परिघटना भी है, जो आज भी अपरिवर्तित और स्थिर है। मार्क्स ने यूरोप के सामाजिक इतिहास के भौगोलिक सिद्धांतों का वर्णन करने के लिए भारतीय तथ्यों का प्रयोग किया। मार्क्स ने माना कि भारत में इस प्रकार का मानव समाज वास्तव में बहुत ही प्राचीन समय से अंग्रेजों की विजय तक विद्यमान रहा। कम्युनिस्ट मैनिफेस्टो में केन्द्रीय विचार वर्ग भेदभाव पर आधारित समाजों से जुड़े थे। इसमें चीन, भारत या दूसरे ऐशियाई देशों के समाजों के स्वरूप का कोई संदर्भ नहीं था।

एंजेल्स ने 1847 में अपने 'साम्यवाद के सिद्धांत' में भारत और चीन को ऐसे देशों के रूप में प्रस्तुत किया, जिन्होंने हजारों सालों तक उन्नति नहीं की। उसने अर्द्ध-जंगली देशों का भी उल्लेख किया, जो पहले कमोबेश ऐतिहासिक विकास से बाहर थे और ये सभी ब्रिटिश सभ्यता के अधीन रहने के लिए अभिशप्त हैं।

मार्क्स ने माना कि भारत के अत्यंत विशिष्ट लक्षण इसकी शताब्दियों पुरानी ग्रामीण व्यवस्था है। आबादी का बहुत बड़ा भाग देश के संपूर्ण भू-भाग में छोटे समूहों में फैला हुआ है। कृषि और विनिर्माण क्षेत्र के घरेलू संघ गांव की प्रमुख विशेषता हैं। हाथ से बुनाई, हाथ से कताई और हाथ से करने वाली कृषि के विचित्र संयोजन ने गांवों को आत्मनिर्भरता प्रदान की है। मार्क्स ने भारतीय गांवों को रूढ़िवादी आदिम स्वरूप रखने वालों की तरह प्रस्तुत

www.neerajbooks.com

किया है, क्योंकि भारतीय गांवों में अपने प्राचीन संरचना को सुरक्षित रखा है।

**मैक्स वेबर**

वेबर ने संसार के उद्‌विकास और रूपांतरण को बुद्धिसंगत व्याख्या की दृष्टि से देखा है। वेबर ने माना कि भारत में हिन्दू धर्म की पारंपरिक भावना पर आधारित समाज तर्कसंगत पूंजीवाद के विकास के लिए तर्कसंगत भावना से रहित है। अलौकिक रहस्यवाद, जिसमें मोक्ष की प्राप्ति भौतिक सुख से अलगाव की प्रक्रिया द्वारा हो सकती है, की प्रबलता ने लोगों को पारंपरिक विचारों और क्रियाओं पर आधारित कर रखा है। यद्यपि प्रख्यात विद्वानों ने भारत, इसके लोगों और संस्कृति को सकारात्मक रूप से भी प्रस्तुत किया है।

**मार्क ट्वेन**

अमेरिका के अत्यंत प्रिय हास्यकार एवं प्रख्यात लेखक सैमुअल लैंगहार्न क्लेमेंस को लोग मार्क ट्वेन के नाम से जानते हैं, जो जनवरी, 1896 में भारत में आए थे। उन्होंने प्रमुखता से कहा कि भारत की भूमि मानव प्रजाति का पालन, मानव भाषा का जन्मस्थान, इतिहास की जननी, किवदन्ती की दादी तथा परंपरा की परदादी है। चांदनी से युक्त एक भूमि अरबी रात में उनके भव्य चमत्कार करने के लिए...। उसने लोगों को हंसमुख और मिलनसार पाया। वे दयालु लोग हैं, वह चेहरा और पहनावा, जो एक पवित्र आत्मा को दर्शाता है, खराब दिल का है.... भारतीय के मध्य दुर्लभ है। मार्क ट्वेन ने यह भी कहा कि चीजों की शुरुआत में भारत ने संपूर्ण संसार को शुरुआत दी थी....। उसकी पहली सभ्यता थी, वह गंभीर विचारकों और सूक्ष्म बुद्धि के लोगों के साथ लोकप्रिय थी, उसके पास खदानें, जंगल और उपजाऊ मिट्टी थी। उन्होंने कहा कि उनका चरित्र और उनका इतिहास, उनकी प्रथाएं और उनका धर्म हर प्रकार से आपका पहेलियों से आमना-सामना कराता है। ट्वेन बार-बार कहते थे कि संसार में भ्रमण में भारत उनकी पहली पसंदीदा भूमि थी। उनको भारतीय जीवन के रग और विविधता से प्रेम था।

## सांस्कृतिक मुठभेड़ : पूर्व और पश्चिम

अंग्रेजों ने शताब्दियों तक भारतीय समाज तथा इसके इतिहास को अपनी समझ और कल्पना के अनुसार प्रस्तुत किया। 19वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध और 20वीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध से लोगों में अंग्रेजी शिक्षा के प्रसार और मध्यम वर्ग के उदय के साथ भारत की औपनिवेशिक धारणा, संस्कृति, समाज और सभ्यता के प्रति चेतना जागृत होने लगी। उन्होंने भारत के प्रति औपनिवेशिक पक्षपात और अल्पसंख्यक धारणाओं का विरोध करना प्रारंभ किया। छापेखाने के आगमन, मातृभाषा और अंग्रेजी दोनों ने इस प्रकार की अभिव्यक्ति में अत्यधिक सहयोग किया।

भारतीय लेखकों और नेताओं ने पाश्चात्य संस्कृति के साथ अपनी संस्कृति के लिए भी आलोचनात्मक रुख अपनाया। विद्वानों ने दोनों संस्कृतियों की शक्ति और कमजोरियों को देखने के लिए विद्वानों द्वारा विकसित दृष्टिकोणों और पश्चिम का चरित्र-चित्रण प्रस्तुत किया।

## भारत की आत्मसातवादी और उदारवादी कल्पना

सांस्कृतिक संपर्कों की जरूरत और परिणाम को लेकर सामाजिक विचारकों और राष्ट्रवादी विद्वानों में काफी भिन्नता थी, उनमें पूर्व-औपनिवेशिक युग अंधकारमय गौरव से हीन न मानने पर सहमति थी। भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों, विद्वानों, कवियों एवं दार्शनिकों ने विस्तृत रूप से भारतीय समाज में एकता को दर्शाने वाले मुद्दों को उजागर किया, जो राष्ट्रत्व प्राप्त करने में एक अग्रदूत था। बंकिम चंद चटर्जी, आर.जी. भंडारकर, रवीन्द्रनाथ टैगोर, जवाहरलाल नेहरू, महात्मा गांधी तथा अन्य विचारकों के लेखों ने भारतीय एकता के राष्ट्रीय विमर्श की नींव रखने में प्रमुख सहयोग किया।

**रविन्द्रनाथ टैगोर**

रविन्द्रनाथ टैगोर ने भारत की समावेश के योग्य, विश्वबंधु, करुणामय, उदार और दार्शनिक दृष्टिकोण से सर्वोत्कृष्ट पंथनिरपेक्ष रूप में कल्पना की, जिसे उन्होंने अपनी प्रख्यात कविता 'भारत तीर्थ' में विस्तारपूर्वक प्रतिपादित किया है। विदेशियों के भारत में आगमन पर उन्होंने लिखा, "कोई नहीं जानता किसके निमंत्रण ने इन समस्त आत्माओं को बुलाया है, जो नदी के अशांत प्रवाह की भांति एकत्रित हुए हैं, जो आए और स्वयं को दैवीय समुद्र में समाहित कर दिया। इस पवित्र धरती में आर्यों, गैर-आर्यों, द्रविड़ों, अफगानों और मुगलों का आगमन हुआ तथा उन्होंने अपनी वैयक्तिकता को एक सर्वोच्च निकाय में अलग कर लिया......। इस समुद्र तट से कोई भी खाली हाथ नहीं गया, जहां पर महान आत्माएं श्रद्धा अर्पित करने के लिए एकत्रित हुई हैं।"

टैगोर एक सार्वभौतिकतावादी और एक मानवतावादी थे तथा समस्त कट्टरताओं के विरोधी थे, जो भारतीय समाज में प्रचलित थीं। वे समाज में सामाजिक बुराइयों और रूढ़िवादिता की आलोचना द्वारा भारत की एक आदर्श छवि को खोज रहे थे। टैगोर स्वतंत्र भारत के समर्थक थे। उन्होंने ब्रिटिश शक्तियों द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों की निर्मम हत्याओं के विरुद्ध मजबूत आवाज उठाई। उन्होंने जलियांवाला बाग नरसंहार के फलस्वरूप अपनी नाइट की पदवी वापस कर दी थी।

टैगोर की दृष्टि में भारतीय सभ्यता समन्वयात्मक प्रकृति की थी। यह विविधता में एकता में स्थापित है, समस्त सामाजिक और धार्मिक समूहों की विशिष्टता के महत्त्व को कम किए बिना ये समूह भारतीय समाज को यौगिक आधार प्रदान करते हैं। इसके विपरीत पश्चिमी सभ्यता में आक्रामकता ने अनेक संस्कृतियों को जबरन समरूप करने का प्रयास किया।

**गाँधी**

भारतीय सभ्यता की आत्मसात प्रकृति के विचार को गांधी जी ने आगे बढ़ाया। गांधी जी का मानना था कि आजादी के आंदोलन के उद्देश्य की जरूरत भारत से अंग्रेजों को भगाना नहीं है। उनके

Neeraj Publications www.neerajbooks.com

www.neerajbooks.com



अनुसार अंग्रेज भी हजारों दूसरे प्रवासियों की भांति भारतीय समाज में आत्मसात हो जाएंगे। गांधी जी ने माना कि भारत विविधता की भूमि है, इसलिए उन्होंने कभी भी भारतीय सभ्यता को हिन्दू संस्कृति या हिन्दू सभ्यता के द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किया। गांधी जी को भारत की एक राष्ट्र के रूप में समावेशी समझ थी। उन्होंने कहा कि भारत एक राष्ट्र नहीं रह सकता, क्योंकि इसमें अनेक धर्मों को मानने वाले लोग रहते हैं। जो लोग राष्ट्रीयता की भावना के प्रति जागरूक हैं, एक-दूसरे के धर्म में दखल नहीं देते हैं। यदि ऐसा करते हैं, जो वे एक राष्ट्र माने जाने लायक नहीं हैं।

गांधीजी ने आगे कहा कि भारत में हिन्दू, मुस्लिम, पारसी और ईसाई सभी ने भारत को अपना देश बनाया है, वे देश के साथी हैं और उन्हें सिर्फ अपने हित के लिए एकता में रहना होगा। गांधीजी ग्रामीण और कुटीर उद्योगों द्वारा पूरक कृषि पर आधारित गांवों की स्वायत्तता में विश्वास करते थे। गांधीजी ने राजनीतिक शक्ति और राज्य के संदर्भ में कहा कि मेरे लिए राजनीतिक शक्ति एक लक्ष्य नहीं है, लेकिन लोगों के जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में उनकी स्थिति को सुधारने का एक साधन है।

**नेहरू**

जवाहरलाल नेहरू के विचार से भारत विभिन्न प्रकार से बहुल देश है। उन्होंने लिखा कि हिन्दुस्तान का दिल, जैसा कि यह बहुत समय से, प्राचीन और मध्यकालीन सभ्यता दोनों का स्थान और केन्द्र, बहुत सारी प्रजातियों और संस्कृतियों के पिघलने वाला बर्तन माना जाता है। उन्होंने आगे लिखा कि जब मैं भारत के संदर्भ में बात करता हूँ, तो असंख्य छोटे गांवों के साथ विस्तृत खेत, वे नगर और शहर जिनमें मैंने भ्रमण किया है, वर्षा के मौसम का जादू, जो सूखी, तपती भूमि में जीवन डालता है और इसे अचानक सुंदरता और हरियाली में बदल देता है, बड़ी नदियां और बहता हुआ पानी, भारत का दक्षिणतम छोर, लोगों को व्यक्तिगत रूप से और जन-समुदाय में, बर्फ से ढका हिमालय या नए फूलों से ढकी और हमारी पसंद की छोटी नदी के साथ, बसंत में कश्मीर में कुछ पर्वत-घाटी और इसलिए मैंने इस पर्वत पृष्ठभूमि को चुना है।

भारत की विविधता और एकता पर उन्होंने कहा कि भारत की विविधता अद्‌भुत है। यह स्वयं को भौतिक स्वरूप के साथ-साथ कुछ मानसिक आदतों और गुणों के साथ भी जोड़ता है। उन्होंने माना कि बाहरी तौर पर लोगों के मध्य विविधता और अनन्त बहुरूपता थी, मगर प्रत्येक जगह एकता का अत्यधिक प्रभाव था, जिसने हम सभी को पिछले युगों में एक साथ रखा था, चाहे जो भी राजनीतिक भाग्य या दुर्भाग्य हमारे सामने आया हो। यह आवश्यक एकता इतनी शक्तिशाली थी कि कोई भी राजनीतिक विभाजन, कोई भी आपदा, तबाही इसे मिटाने में असफल रही।

नेहरू ने विभिन्नताओं के संदर्भ में लिखा कि विभिन्नताओं को हमेशा एक राष्ट्रीय समूह के भीतर भी देखा जा सकता है, चाहे यह एक साथ बंधा हुआ हो। उस समूह की एकता तब प्रकट होती है, जब इसकी दूसरे राष्ट्रीय समूह से तुलना होती है। यद्यपि दो समीपवर्ती समूहों के मध्य विभिन्नताएं प्रायः फीकी पड़ जाती हैं तथा आधुनिक विकास की प्रवृत्ति सभी जगह एक समानता विकसित करती हैं।

**अम्बेडकर**

अम्बेडकर का गहरा चिंतन भारत में सभी के लिए समानता और न्याय पर आधारित सामाजिक व्यवस्था को स्थापित करने में था। अम्बेडकर ने कहा कि दार्शनिक रूप से एक राष्ट्र को एक इकाई माना जा सकता है, लेकिन समाजशास्त्रीय रूप में ऐसा मुमकिन नहीं है, क्योंकि यह अनेक समूहों से बना है और राष्ट्र की आजादी यदि यह एक सच्चाई है, तो राष्ट्र में स्थिति अनेक समूहों को आजादी प्रदान करनी चाहिए, विशेष रूप से जिन्हें निम्न वर्गों की तरह देखा जाता है।

अम्बेडकर के लिए सभी वर्गों के लिए समानता तय करने के लिए एक गंभीर वैचारिक वचनबद्धता राष्ट्रवाद को साकार करने की एक शर्त है। भारत में राष्ट्रीयता अंग्रेजों की औपनिवेशिक ताकतों के प्रभुत्व के खिलाफ विरोध करने के लिए प्रकट होने के साथ उच्च जातियों के निम्न जातियों पर आन्तरिक प्रभुत्व के खिलाफ भी प्रकट हुई थी। उनके लिए असमानता के भीतर अछूतों को विशेषाधिकार प्राप्त होगा, वरन् वे दासत्व की स्थिति में रहेंगे।

**सांस्कृतिक राष्ट्रवादी परिकल्पना**

सांस्कृतिक राष्ट्रवादियों ने भारत को हिन्दुत्व के आध्यात्मिक स्वरूप की नींव पर विद्यमान परंपरागत सांस्कृतिक इकाई के रूप में देखा। यह विचार भारत की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक भाषायी एकता की विचित्र अभिव्यक्ति के रूप में प्रस्तुत करता है। सावरकर के लेख भारतीय राष्ट्रवादिता की जड़ों को वंशगत समाज, प्रजाति, भूमि, इतिहास, भाषा, संस्कृति आदि में खोजते हैं। सावरकर का कहना है कि हिन्दुस्तान एक राष्ट्र और एक प्रजाति को समान पितृभूमि, इसलिए हिन्दू उन आर्यों के वंशज हैं, जिन्होंने सिन्धु के तटों पर अपने घर बनाए, राष्ट्रवादिता की भावना को उत्पन्न किया, हिमालय से सागरों तक की समस्त भूमि को एक संप्रभुता के छत्र तले किया। हिन्दुस्तान उन हिन्दुओं की भूमि है, जिन्हें अरबों, पारसियों, बलूचों, तुर्कों और मुगल हमलावरों का शताब्दियों तक सामना करना पड़ा। इस दीर्घकालीन उग्र संघर्ष से गुजरने के बाद ही भारत के लोग स्वयं के हिन्दू होने के बारे में गंभीर रूप से जागरूक हुए और एक राष्ट्र के रूप में जुड़े।

## भारत की राष्ट्रीयता और विशिष्टता

भारत एक दीर्घकालीन संघर्ष के पश्चात् आजाद राष्ट्र बना है। भारत में समाज सांस्कृतिक समन्वयता के विचार पर विद्यमान है। समस्त धार्मिक समूहों के उदारवादी लोकाचार आजादी के राष्ट्रीय प्रतीक का भाग रहे हैं। आजादी के बाद भारत धर्मनिरपेक्ष राज्य के रूप में स्थापित हुआ, जिसने अपने झंडे के लिए सावधानीपूर्वक अहिन्दू प्रतीकों को चुना, जिस पर नियम का बौद्ध चक्र था। नई सरकार ने राष्ट्रीय मुहर के रूप में अशोक के सिंहों को चुना। टैगोर

www.neerajbooks.com